Regarding need for doubling of the Indore-Gwalior Rail Route in Madhya Pradesh-Laid

श्री रोडमल नागर (राजगढ़) **:** मेरे लोकसभा क्षेत्र राजगढ़, मध्य प्रदेश के एकमात्र मुख्य रेलमार्ग पश्चिम-मध्य रेल मण्डल (WCR) के अंतर्गत मक्सी-रूठीयाई ट्रैक का भारत सरकार द्वारा बहुप्रतीक्षित विद्युतीकरण कार्य पूर्ण कर लिया गया है । वर्तमान में सम्पूर्ण ट्रैक पर परिचालन प्रारंभ है । इन्दौर, मक्सी, रूठीयाई, गुना शिवपुरी, ग्वालियर ट्रैक का दोहरीकरण किये जाने से "'दिल्ली मुंबई" के मध्य सीधा, सबसे सस्ता और अतिरिक्त रेलमार्ग, सबसे कम दूरी का रेलमार्ग मिल सकेगा जिससे दिल्ली से सीधे मुंबई वाया ग्वालियर, शिवपुरी, गुना, कुंभराज, चांचौडा-बीनांगज, ब्यावरा, पचोर, सारंगपुर, मक्सी, इन्दौर के लाखों यात्रियों का आवागमन सुलभ होगा । दोहरीकरण से क्षेत्र के कृषि उत्पादों को राजस्थान, उत्तरप्रदेश, महाराष्ट्र मे अंर्तराज्यीय माल परिवहन के लिये अतिरिक्त फास्टट्रैक रेलमार्ग मिलेगा, जिसे क्षेत्र के औद्योगिक विकास को नई गति मिलेगी तथा व्यापारिक, चिकित्सा, धार्मिक-पर्यटकों व अन्य यात्री परिवहन से रेलवे को अतिरिक्त आमदनी भी होगी । अतः जनहित में राजगढ़ संसदीय क्षेत्र की महत्ती आवश्यकताओं की पूर्ति हेतु इन्दौर से मक्सी, रूठीयाई, गुना, शिवपुरी, ग्वालियर ट्रैक के दोहरीकरण कार्य की स्वीकृति देकर अनुग्रहित करें ।